वित्त मंत्रालय

तूतीकोरिन तट पर डीआरआई ने 31.67 करोड़ रुपये मूल्य का 18.1 किलोग्राम एम्बरग्रीस जब्त किया

प्रविष्टि तिथि: 20 MAY 2023 3:25PM by PIB Delhi

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने एम्बरग्रिस तस्करी गिरोह रैकेट का भंडाफोड़ किया, जो देश के वनस्पतियों और जीवों के लिए खतरा था और तूतीकोरिन तट पर 18.1 किलोग्राम एम्बरग्रिस जब्त किया, जिसकी अवैध बाजार में कीमत ₹31.67 करोड़ (लगभग) है।

विशिष्ट जानकारी के आधार पर कि एक गिरोह 18.05.2023 की रात के दौरान हार्बर बीच, तूतीकोरिन के तट के पास समुद्री मार्ग से भारत से एम्बरग्रिस की तस्करी करने का प्रयास करेगा, डीआरआई अधिकारियों ने पांच व्यक्तियों के साथ एक वाहन को पकड़ा। वाहन की अग ली सीट से 18.1 किलो एम्बरग्रीस बरामद किया। तस्करों ने अपने तस्करी के प्रयास को कबूल किया।

एम्बरग्रिस स्पर्म व्हेल का एक उत्पाद है, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम,1972 की अनुसूची II के तहत सूचीबद्ध एक संरक्षित प्रजाति है और इस प्रकार कब्जे /निर्यात /परिवहन के लिए निषिद्ध है। इस प्रकार प्रतिबंधित वस्तु के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन के साथ एम्बरग्रीस को जब्त कर लिया गया।

डीआरआई ने इस तरह की तस्करी के प्रयासों से वनस्पतियों और जीवों की रक्षा और सुरक्षा के अपने प्रयास के तहत तटीय क्षेत्रों में अपनी सतर्कता और निगरानी तेज कर दी है। पिछले दो व र्षों में डीआरआई ने लगभग 40.52 किलोग्राम एम्बरग्रीस जब्त किया है, जो तूतीकोरिन तट से भारत से तस्करी करने का प्रयास किया गया और जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 54 करोड़ रूपए है।

एम्बरग्रिस की तस्करी के इस प्रयास में सक्रिय रूप से शामिल केरल और तमिलनाडु के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आगे की जांच चल रही है।

****

एमजी/ एमएस/ केके/डीके-

(रिलीज़ आईडी: 1925889) आगंतुक पटल : 333

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Tamil , Telugu